# राजस्थान पत्रिका

| Regional News Paper | Edition : Jaipur (Rajasthan) | Circulation: 432240 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 14.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 12 | क्रम सं. (Serial No.) |

## सीआईएसएफ दल को मिले 64 पदक

# उमा ने जेवलिन में जीता गोल्ड

जयपुर@पत्रिका. राजस्थान की बेटी और सीआईएसएफ की हेड कांस्टेबल उमा चौधरी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है। उमा ने बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस और फायर गेम्स 2025 में जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) और प्रदेश दोनों में खुशी का माहौल है। उमा वर्तमान में तीन वर्षों से जोधपुर एयरपोर्ट पर हेड कांस्टेबल के रूप में कार्यरत हैं।

गौरतलब है कि विश्व पुलिस और फायर गेम्स 2025 30 जून से 6 जुलाई तक बर्मिंघम में आयोजित हुए। इसमें 70 देशों के दस हजार से ज्यादा खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। सीआईएसएफ के दल ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 64 पदक अपने नाम किए।

